झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्,
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड,सेक्टर–3,
धुर्वा, राँची – 834 004
दूरभाष . 0651-2444501, 2444502,
फैक्स – 2444506
ई–मेल: jepcranchi1@gmail.com

An ISO 9001:2015 certified

पत्रांक– SPE/51/11/2023...1923 राँची, दिनांक...10.06.24

प्रेषक,

आदित्य रंजन, भा.प्र.से.
राज्य परियोजना निदेशक।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड।

**विषयः–** **सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2024–25 के आयोजन तिथि में आंशिक परिवर्तन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **पत्रांक 1267 दिनांक 02.04.2024.**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रसंगाधीन पत्र द्वारा राज्य में 63वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता (अन्डर 17 बालक, अन्डर 17 बालिक एवं अन्डर 15 बालक), 2024–25 का आयोजन हेतु समय सारणी उपलब्ध करायी गयी थी, अंत्यन्त गर्मी एवं मौसम विभाग द्वारा झारखण्ड के कई जिलों में यलो अलर्ट घोषित करने के कारण इसमें आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है, संशोधित समय सारणी निम्नवत् हैः–

| क्र. | आयोजन स्तर | आयोजन की तिथि | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड स्तरीय | 19 जून 2024 तक | सभी प्रखण्ड मुख्यालय |
| 2. | जिला स्तरीय | 25 जून 2024 तक | सभी जिला मुख्यालय |
| 3. | प्रमण्डल स्तरीय | 05 जुलाई 2024 तक | गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, हजारीबाग, राँची एवं दुमका |
| 4. | राज्य स्तरीय | 09 से 11 जुलाई 2024 तक | राँची |

अतः निदेश है कि उपलब्ध कराये गये मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) का पालन करते हुए संशोधित तिथियों के अनुसार प्रखण्ड, जिला एवं प्रमण्डल स्तर पर सुब्रतो कप प्रतियोगिता, 2024–25 का आयोजन करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

10/06

**(आदित्य रंजन)**
राज्य परियोजना निदेशक।

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें